an>

title: Need to provide grants to Co-operative Land Development Bank, Rajasthan to enable them to disburse long-term agriculture loans on Low interest rates.

श्री बहादुर सिंह कोली (भरतपुर): वर्तमान में राजस्थान राज्य में सहकारी भूमि विकास बैंक किसानों को 14 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर दीर्घकालीन उद्देश्यों हेतु निवेश ऋण वितरित कर रहे हैं जबकि केन्द्रीय सहकारी बैंकों एवं वाणिज्यिक बैंकों द्वारा किसानों को फसली ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध हो रहा है। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार से 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलने के उपरांत 4 प्रतिशत ब्याज दर फसली ऋण उपलब्ध हो रहा है। ऐसी स्थिति में सहकारी भूमि विकास बैंकों की ओर किसानों का रूख कम हो रहा है। ब्याज दर में भारी अंतर होने के कारण सहकारी भूमि विकास बैंकों द्वारा वितरित किए जाने वाले निवेश ऋण में कमी आई है जिससे राज्य के कृषि विकास की गति धीमी हुई है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि भारत सरकार इन ऋणों पर प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को अनुदान उपलब्ध कराए जिससे फसली एवं दीर्घकालीन ऋणों की ब्याज दर में समानता आए एवं राज्य के कृषि विकास में गति प्रदान हो।